**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री किरण पाल कश्यप, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

-----------------------------------------------------

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 3(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सांई उत्कृष्ट बाजार कॉम्प्लेक्स रतनखण्ड जनपद-लखनऊ में डा0 लाल पैथ लैब्स नाम से ब्लड आदि का जांच केन्द्र खुला हुआ है? | जनपद लखनऊ में डॉ0 लाल पैथलैब्स के नाम से धनश्री टावर प्लाट नं0-2/सी-41, 1 एण्ड 2 फ्लोर सेक्टर-2 विकास नगर, लखनऊ-226022 पर पंजीकृत है, जिसका पंजीकरण संख्या-आरएमईई 2448319 है। रतन खण्ड कलेक्शन सेन्टर शाप नं0 12-30 यूजीएफ साई मुकुट बाजार, रतन खण्ड शारदानगर लखनऊ उक्त लैब का मात्र अधिकृत सैम्पल कलेक्शन सेन्टर है। सैम्पल को कलेक्ट कर कोल्ड चेन मेनटेन करते हुए कम्पनी की रजिस्टर्ड पैरेन्ट लैब/रजिस्टर्ड लेबोरेट्री में जॉच हेतु भेजा जाता है। |
| (ख) | क्या उक्त लैब में कोई प्रशिक्षित कर्मचारी व डॉक्टर नही बैठते है और लैब्स बोर्ड पर रजिस्ट्रेशन आदि भी नही लिखा गया है? | रतन खण्ड फ्रेन्चाइजी में कार्यरत स्टॉफ श्री दुर्गेश तिवारी, लैब टेक्नीशियन जिसका यू0पी0 मेडिकल कांउसिल में रजिस्ट्रेशन नं0 एल0टी0/8854 है, वहां बैठता है, जिसका कार्य सैम्पल कलेक्शन कर पैरेन्ट लैब को जॉच के लिए भेजना होता है। मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के पत्र दिनांक 07.12.2024 द्वारा सैम्पल कलेक्शन सेन्टर पर लैब का रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। |
| (ग) | यदि हॉं, तो उक्त लैब को बन्द करने एवं इसका संचालन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हॉं, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड़) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री